
स्थापना वर्ष :1997

# न्यूज़ बुलेटिन

वर्ष : 1 | अंक : 2 | 01 जनवरी – 30 जून 2020

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर, (रामपुर) उ०प्र०

## प्राचार्य सन्देश




कला, शिक्षा और संस्कृति की पहचान से मशहूर रामपुर जनपद की विकसित तहसील बिलासपुर में वर्ष 1997 से स्थापित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर रामपुर (उत्तर प्रदेश) उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में लगातार सुधार करते हुए निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। मेरी प्रार्थना है कि **'भद्रा हि नः प्रमति'** अर्थात हमारी बुद्धि कल्याणकारी हो और हम अपनी संस्कृति, राष्ट्र एवं विश्व के कल्याण के पथ पर अग्रसर हो क्योंकि आज सारा विश्व वैश्विक महामारी कोरोना की अग्नि में धधक रहा है। ऐसी विषम परिस्थितियों में महाविद्यालय का लक्ष्य न केवल विद्यार्थियों को इस महामारी के संक्रमण से सुरक्षित रखना है बल्कि स्वयं को, अपने परिवार को, समाज को और राष्ट्र को इस महामारी से सुरक्षित रखने के साथ–साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी उपलब्ध कराना है। विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण के साथ–साथ हमारा यह प्रयास है कि इस संकट की घड़ी में विद्यार्थी अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके। ऋग्वेद में कहा गया है कि **'न ऋते श्रन्तस्य सख्याय देवाः'** अर्थात परिश्रम किए बिना देवता भी सहायक नहीं होते हैं। न्यूज बुलेटिन के द्वितीय अंक के प्रकाशन के लिए महाविद्यालय परिवार के परिश्रम के पीछे भी यही भावना रही है। महाविद्यालय के सकारात्मक प्रयासों के आलोक प्रतीत इस 'न्यूज बुलेटिन' के द्वितीय अंक के प्रकाशन हेतु मैं, प्रधान संपादक, संपादक मंडल के सदस्यों एवं महाविद्यालय परिवार के उन सभी सदस्यों को जिन्होंने इस न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से अपना सहयोग प्रदान किया, सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ।

**प्रो०( डॉ० ) आर० पी० यादव**
**प्राचार्य**

## गणतन्त्र दिवस समारोह

दिनांक 26 जनवरी 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (रामपुर) में 71 वां गणतन्त्र दिवस समारोह पूरे जोश–खरोश से मनाया गया। प्रातः 10 बजे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर०पी० यादव जी ने ध्वजारोहण किया तत्पाश्चात् राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। गणतन्त्र दिवस के इस शुभअवसर पर समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ़ द्वारा माननीया उच्च–शिक्षा निदेशक, प्रयागराज के सन्देश का वाचन किया गया। माननीय जिलाधिकारी महोदय के संदेश का वाचन डॉ० नीलिमा सिंह ने किया। गणतन्त्र दिवस के इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय ने कक्षाओं में अधिक उपस्थित रहने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया, साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों को भी इस अवसर पर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। इस शुभअवसर पर बोलते हुये महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव ने कहा कि हमारे संविधान को लागू हुये 70 वर्ष हो गये। इन 70 वर्षों में हमारे देश ने बहुत कुछ पाया है। हमारे देश की अनेक उपलब्धियाँ है लेकिन कुछ समस्याएँ भी है। हमें उन समस्याएँ से ऊपर उठना है। उन्होंने सभी छात्र/छात्राओं एवं प्राध्यापकों को गणतन्त्र दिवस की शुभ कामनाएँ दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।



## सम्पादक की कलम से...



कोरोना का संकट अब वैश्विक बदलाव का नया प्रस्थान बिन्दु बन चुका है। इसका असर मानव जीवन पर कई रूपों में पड़ने वाला है। कुछ संकेत अब स्पष्ट रूप से दिखने लगे हैं। कोरोनाजनित यह समय असाधारण मानवीय संकट का समय है। संकट की यह घड़ी पूरी दुनिया को बदलती जा रही हैं। सामाजिक जीवन, राजनीति, शिक्षा, अर्थव्यवस्था सबको इस कोरोनाजनित समय के साथ खुद को समायोजित करना है। इस संकट के खत्म होने के बाद भी भय, व्याकुलता, घबराहट हमारे जीवन के तत्व रूप में शामिल होकर हमारे सामाजिक जीवन के मूल चरित्र में तोड़–फोड़ करते रहेंगे।

शिक्षा, खासकर उच्च शिक्षा के मूल चरित्र में भी कोरोना संकट के कारण बड़े परिवर्तन की संभावना है। कोरोना संकट के समय हमारी जरूरतों ने उच्च–शिक्षा के मूल ढाँचे को छिन्न–भिन्न कर दिया है। संभव है कि उच्च शिक्षा का नया वर्चअल रुपांतरण हमें बेहतरी की ओर ले जाएँ और शिक्षा के परिक्षेत्र को ज्यादा नवाचारी, समाहारी एवं क्षमता विकास की दिशा में आगे बढ़ाएँ किन्तु भारत जैसे समाज में हमें गरीब, उपेक्षित और दूरस्थ क्षेत्र में बसे सामाजिक समूहों में इन्टरनेट रखने, इस्तेमाल करने एवं सतत् कनेक्टिविटी बनाए रखने पर जोर देना होगा और साथ ही हमारी सरकार एवं शिक्षण संस्थाओं को भी उच्च शोध के लिए नवाचारी परियोजनाएँ विकसित करनी होगी।

गत् जनवरी माह से जून 2020 तक महाविद्यालय की गतिविधियों एवं देश में फैले कोरोना वायरस (Covid-19) की खबरों को अपने अन्दर समेटे हुये यह "न्यूज बुलेटिन" आपके हाथों में सौपते हुये अत्यन्त गर्व और हर्ष से अभिभूत हूँ और साथ ही त्रुटियों के लिए क्षमा प्रार्थी भी। इस द्वितीय न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन पर मैं उन सभी छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एवं उच्च शिक्षा से जुड़े अधिकारियों एवं विशेष रूप से महाविद्यालय के विकास में सहर्ष समर्पित भाव से प्रयासरत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी के प्रति मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ जिन्होंने समय–समय पर न्यूज बुलेटिन के प्रकाशन हेतु सम्पादक मण्डल को प्रोत्साहित किया। संपादक मण्डल के सदस्यों का मैं ह्रदय से आभारी हूँ जिनका सहयोग मुझे निरन्तर मिलता रहा। साथ ही अपने महाविद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने इस 'न्यूज बुलेटिन' के प्रकाशन हेतु मुझे अपना सहयोग प्रदान किया।

डॉ० अब्दुल लतीफ
प्रधान संपादक
मो०: 9219258910
ई–मेल : dr.abdullatif74@gmail.com

## राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर



दिनांक 23–29 जनवरी 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खौदलपुर में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ.) आर. पी. यादव जी इसका उद्घाटन किया और अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि छात्र/छात्राओं को जीवन में अनुशासित और सेवाभाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने छात्र–छात्राओं को सौहार्द एवं कौमी एकता दिवस के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में श्री गुरुनानक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र ने छात्र–छात्राओं को कौमी एकता दिवस के बारे में जानकारी दी। विशेष शिविर के प्रथम दिन छात्र–छात्राओं द्वारा श्रमदान किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। छात्र–छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने छात्र–छात्राओं को बेज एवं सेवायोजना से सम्बन्धित पुस्तिकाएं भेंट की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शिवओम शर्मा ने शिविर के नियम एवं अनुशासन के बारे में प्रकाश डाला एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## पर्यावरण क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



दिनांक 22 जनवरी, 2020 को महाविद्यालय में पर्यावरण क्लब द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चार्ट प्रतियोगिता में नाजरीन तो निबन्ध में पूजा सागर पहले स्थान पर रहीं। बुधवार को पर्यावरण क्लब प्रभारी डॉ. निशा वर्मा के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। औषधीय पौधों एवं उनका उपयोग विषय पर हुई निबंध प्रतियोगिता में पूजा सागर प्रथम, चेतना कुरुवंशी द्वितीय और सत्यवती तृतीय स्थान पर रहे। पॉलिथीन छोड़ो और कपड़े का थैला अपनाओं विषय पर हुई चार्ट प्रतियोगिता में नाजरीन प्रथम, सत्यवती द्वितीय, मंजू और बहार अहमद तृतीय स्थान परहे। स्लोगन प्रतियोगिता में चेतना कुरुवंशी प्रथम, मनीषा बंसल द्वितीय, बहार अहमद तृतीय स्थान पर रहें, पौधा लगाओ गमला सजाओ में गुड्डू राजा प्रथम, बहार अहमद द्वितीय स्थान पर रहे। औषधीय पौधा प्रतियोगिता में रंगोली तिवारी व मनीषा बंसल पहले, जसवीर दूसरे तथा स्वाति व राहुल सिंह ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह



दिनांक 11–12 फरवरी 2020 को महाविद्यालय का 23वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने किया। क्रीड़ा समारोह के पहले दिन सौ मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में नीतू कुमारी प्रथम, दीपाली द्वितीय, शीलू तृतीय स्थान पर रहीं। दो सौ मीटर दौड़ में नीतू कुमारी ने पहले, रानी यादव दूसरे और दीपाली तीसरे स्थान पर हीं। आठ सौ मीटर दौड़ में पिंकी ने पहला, पूजा ने दूसरा एवं शशि ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरी ओर आठ सौ मीटर छात्र वर्ग में रवि कुमार ने प्रथम, नरेंद्र पाल ने द्वितीय और विजय यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाला प्रक्षेप छात्र वर्ग में विजय कुमार ने दूसरा जबकि जितेंद्र यादव ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। इससे पहले क्रीड़ा स्थल पर महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया। इस दौरान आकाश में गुब्बारे और कबूतर छोड़े गए। बाद में मुख्यअतिथि द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली। डीएम ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। डॉ. अब्दुल लतीफ ने महाविद्यालय की आख्या पेश की। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. नीलिमा सिंह द्वारा प्रतिभागियों को क्रीड़ा शपथ एवं होने वाली प्रतियोगिताओं की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अब्दुल लतीफ ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित क्रीड़ा प्रभारी डॉ० नीलिमा सिंह ने किया।

## युवा महोत्सव 'पहल'



नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) में दिनांक 14–15 फरवरी 2020 को आयोजित दो दिवसीय युवा –महोत्सव 'पहल' का शुभांरम्भ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बिलासपुर डॉ० राजेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण करके किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी ने बुकें एवं स्मृति चिह्न देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बिलासपुर डॉ० राजेश कुमार ने कहा कि – युवाओं को शिक्षा के साथ–साथ स्किल (कौशल) की भी ट्रेनिंग मिले। उन्होनें कहा कि – युवा वह होता है जो अतीत की चिंता किये अपने लक्ष्यों की दिशा में काम करता है। उन्होंने कहा कि जीवन पथ में आपको शिक्षा देने वाले बहुत लोग मिलेंगे लेकिन शिक्षा ग्रहण करके आपको किस रास्ते पर चलना है, किस तरह का संकल्प लेना है, ये सिर्फ आपको ही तय करना है।

युवा महोत्सव 'पहल' के द्वितीय दिन का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा डॉ० राजीव पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यर्पण करके किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा– जीवन महत्वपूर्ण नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका महत्वपूर्ण है। भारतीय प्रतिभाओं ने अपनी ऊर्जा से विश्व में अपना लोहा मनवाया है। युवा अगड़ाई लेता है तो इतिहास बदलता है। आप लोग भी पूरे मन से इन प्रतियोगिताओं में भाग लीजिए। उन्होंने कहा कि आप सब युवा है, जो आज काम करते हैं, वहीं देश के भविष्य की दशा तय करता है। युवा महोत्सव के प्रथम दिन चार्ट/पोस्टर स्वरचित कविता पाठ, नारा–लेखन, आशुभाषण, पावर पाइन्ट प्रस्तुतीकरण प्रस्तुतीकरण, मेंहदी रचना एवं रंगोली/अल्पना प्रतियोगिता आयोजित की गई। चार्ट/पोस्टर प्रतियोगता में प्रथम स्थान सेज़ल वर्मा, बी०काम० तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान, नाजरीन बी०एस०सी० तृतीय एवं तृतीय स्थान चेतना कुरुवंशी बी०एस०सी० तृतीय ने प्राप्त किया। नारा–लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय स्थान – क्रमशः लोकेन्द्र , जसवीर यादव, कनिक एवं योगिता तृतीय स्थान हासिल किया। स्वरचित कविता पाठ में नागेन्द्र कुमार गंगवार ने प्रथम, हरप्रीत कौर न द्वितीय एवं वैशाल शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने रंगा–रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्र/छात्राओं ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत एवं गीत प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ० अब्दुल लतीफ़ ने किया और धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम की संयोजिका डॉ० नीलिमा सिंह ने किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

दिनांक 8 मार्च 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०)आर० पी० यादव जी द्वारा महिला प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



## वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह



दिनांक 22, फरवरी 2020 को महाविद्यालय का 23 वाँ वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन धूम–धाम से आयोजित किया गया। शनिवार को नगर के राजकीय महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्र–छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और मंच का भरपूर उपयोग कर देश के विभिन्न राज्यों की विशिष्ट नृत्य कलाओं से दर्शकों को भाव–विभोर कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे राज्य मंत्री ने बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर अपने द्वारा किए गए विकास के वायदे को दोहराया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए जलशक्ति मंत्रालय के राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख व प्राचार्य डॉ० आर०पी० यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ किया। इसके बाद गणेश वंदना और स्वागत गीत के बाद बच्चों ने तरह–तरह के परिधानों में सजकर विभिन्न सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए और लगातार तीन घण्टे से भी अधिक समय तक मौजूद दर्शकों को अपनी नृत्य कलाओं से बांधे रखा। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने अपनी ओर से तमाम शानदार प्रस्तुतियां दी। दर्शकों ने भी तालियां बजाकर बच्चों का खूब उत्साहबर्द्धन किया और उनका मनोबल भी बढ़ाया। इसी बीच अपने संबोधन में राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा जीवन के सभी अंधकार को मिटाकर उसे समाज के साथ चलना व रहना सिखाती है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए बेहतरीन शिक्षक का होना भी जरूरी है, इसलिए सभी स्कूल अपने इस कर्तव्य को समझें और देश का बेहतर भविष्य बनाने में मिलकर योगदान दें। एम.काम की छात्रा मोक्षा सक्सेना टॉपर रहीं, जिन्हें राज्यमंत्री ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही राज्यमंत्री ने अन्य क्लासों के कई टॉपरों को भी उपहार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय की वार्षिक आख्या वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ० पी० के० गर्ग ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालिय का समस्त स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में छात्र/छात्राऐं एवं अभिभावक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के समारोहक डॉ. अब्दुल लतीफ़ ने किया। धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम संयोजक डॉ० नीलिमा सिंह ने किया।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत के अन्तर्गत मातृभाषा दिवस का आयोजन





दिनांक 20 फरवरी 2020 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में **मातृभाषा दिवस** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय परिसर में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर. पी. यादव ने कहा कि मेरे विचार में भारतीय भाषाएँ एवं संस्कृति विश्व की अनुपम धरोहर है। हमें अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति सचेत रहना चाहिए और विलुप्त होती भाषाओं को बचाने का प्रयास करना चाहिए। आयोजन सचिव डॉ. नीत बिहारी लाल ने कहा कि जन्म से हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं,वहीं हमारी मातृ भाषा है इसी भाषा से हमें अपनी संस्कृति के साथ जुड़कर उसकी धरोहर को आगे बढ़ा सकते हैं। मुख्य वक्ता डॉ. पी. के. गर्ग ने छात्र–छात्राओं से अपनी मातृभाषा से जुड़ें रहने की अपील करते हुए कहा कि भारतवर्ष में हर प्रांत की अलग संस्कृति है। डॉ. आई. बी. महापात्र ने कहा कि हर प्रांत की कुछ न कुछ अपनी विशेषता होती है। अंत में डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह ने आभार प्रकट किया। संचालन डॉ. शिवओम शर्मा ने किया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

17 जनवरी एवं 08 फरवरी 2020 को गणित विभाग एवं इतिहास विभाग द्वारा महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के अधिकांश छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ.) आर. पी. यादव के नेतृत्व में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, इतिहास, भूगोल, समाजशास्त्र साहित अन्य विषयों से संबधित प्रश्नों के उत्तर पूछे गए। इसमें शामिल छात्रों ने प्रश्नों के उत्तर दिए तथा बाद में प्रतियोगिता में जीतने वाले बच्चों को शिक्षकों ने मैडल आदि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र/छात्राओं के ज्ञान को बढ़ाया जा सकता है। भविष्य में छात्र/छात्राऐं किसी ऐसी प्रतियोगिता के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेगें। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. हेमेन्त कुमार एवं डॉ० नीत बिहारी लाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।



## महाविद्यालय परिवार द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण से बचाव सम्बन्धी अपीलें

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी एवं समस्त प्राध्यापकों द्वारा लॉकडाउन में कोरोना वायरस (Covid-19) से बचाव हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं जनसामान्य से वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव सम्बन्धी लगभग 500 से अधिक अपीले जारी की गई साथ ही महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं एवं जनसामान्य से 'आरोग्य सेतु ऐप' एवं 'आयुष कवच ऐप' डाउनलोड करने की भी अपील की गई जिसके साकारात्मक परिणाम देखने को मिले। उक्त सन्दर्भ से सम्बन्धित कुछ अपीलें–




## कोरोना काल में महाविद्यालय शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन कार्यक्रम

वैश्विक महामारी कोरोना काल में लॉकडाउन में **वर्क फ्राम होम** के अन्तर्गत ऑनलाइन अभिभावक–शिक्षक बैठक, आई.क्यू.ए.सी. बैठक, फैकल्टी डेवलमेंट प्रोग्राम, ऑनलाइन कार्यशाला, ऑनलाइन योग दिवस का आयोजन



## कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षण कार्य

वैश्विक महामारी कोरोना काल में छात्र हित को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालय के प्राध्यापको द्वारा ऑनलाइन माध्यम से शिक्षण कार्य सम्पन्न कराया गया। ऑनलाइन कक्षाओं में उपस्थित छात्र/छात्राऐं।




राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) के स्टाफ ने कोरोना से जंग के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया एक दिन का वेतन



राजकीय डिग्री कॉलेज के स्टाफ ने कोरोना से जंग के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 1 दिन का वेतन...
public.app

राजकीय डिग्री कॉलेज के स्टाफ ने कोरोना से जंग के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 1 दिन का वेतन
https://public.app/s/rFL6m


## राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं द्वारा लॉकडाउन में किये गये कार्य

भारत सरकार द्वारा संचालित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) की राष्ट्रीय सेवा–योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना महामारी के कारण घोषित लॉकडाउन में किये गये कार्यों की कुछ झलकियाँ :–



**सेवा कार्यों में जुटे रहे एनएसएस स्वयंसेवक व रोवर्स-रेंजर्स**

बिलासपुर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा रोवर्स व रेंजर्स सोमवार को भी सेवा कार्यों में जुटे रहे। इन छात्र-छात्राओं ने कई गांवों में जागरूकता फैलाई, मॉस्क बांटे, सेनेटाइजर स्प्रे किए और राशन वितरण में सहयोग दिया। कॉलेज के एनएसएस प्रभारी डॉ शिवओम शर्मा व रोवर्स प्रभारी डॉ अवतार दीक्षित ने बताया कि सबके कार्यों की कॉलेज स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।




## रोवर्स–रेंजर्स द्वारा लॉकडाउन में किये गये कार्य

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर (रामपुर) द्वारा संचालित रोवर्स–रेंजर्स इकाई द्वारा कोरोना महामारी के कारण घोषित लॉकडाउन में किये गये कार्यों की कुछ झलकियाँ :–



**डिग्री कॉलेज के रोवर्स-रेंजर्स कर रहे राशन वितरण में सहयोग**

बिलासपुर के कुआंखेड़ा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के रोवर्स-रेंजर्स ने शुक्रवार को गांवों में राशन वितरण में सहयोग दिया। ग्रामीणों को मॉस्क, डिस्टेंसिंग व सेनेटाइजेशन का महत्व बताया। कोठा जागीर व दुर्जनपुर गांव में सेवा कार्य करने वाले छात्रों में जसवीर, आकाश, अजय, रीतेश, राहुल, अरविंद आदि शामिल रहे। कॉलेज के रोवर्स प्रभारी डॉ.अवतार दीक्षित ने बताया कि कार्य की रोज समीक्षा भी की जाती है।




डिग्री कॉलेज के रोवर्स-रेंजर्स ने ग्रामीण क्षेत्रों में की सेवा, बांटे मास्क और लोगों को किया जागरूक

## रोवर्स–रेंजर समागम–2020

08–10 फरवरी 2020 को महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखाण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा आयोजित 23वां अन्तर्महाविद्यालयी रोवर्स एवं रेंजर्स समागम 2020 में महाविद्यालय की रोवर्स–रेजर्स टीम ने प्रतिभाग किया।




## महाविद्यालय द्वारा कोरोना काल में ऑनलाइन राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठियों का आयोजन

वैश्विक महामारी कोरोना काल में लॉकडाउन में 'वर्क फ्राम होम' के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठियों, कार्यशाला एवं फैक्ल्टी डेवलेपमेन्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय द्वारा 01 जनवरी से 30 जून 2020 तक की गयी वेब संगोष्ठियों का विवरण :–

**अन्तर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी : 03, राष्ट्रीय वेब संगोष्ठी : 9, कार्यशाला : 02, फैकल्टी डेवलपमेन्ट प्रोग्राम : 01**


## महाविद्यालय द्वारा कोरोना काल में ऑनलाइन राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय वेब संगोष्ठियों का आयोजन














**निष्कर्ष एवं सुझाव** भारतीय संस्कृति में सेवा भाव की वर्तमान सन्दर्भ में उपदेयता विषय पर दिये गये अतिथियों और विषय विशेषज्ञो के उद्बोधन के उपरान्त यह निष्कर्ष निकलता है कि सेवा भाव को भारतीय संस्कृति की जड़ बताते हुए उसको अपने जीवन में उतारने के सुझाव दिए गए एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मनुष्य सेवा को करने पर बल देते हुए बताया कि मनुष्य सेवा ही आत्मिक शांति प्रदान कर सकती है संस्तुति इस वेब संगोष्ठी में उपस्थित विषय विशेषज्ञों द्वारा वर्तमान परिप्रेक्ष्य में ऐसे विषयों पर वेबिनारो का आयोजन होते रहना चाहिए जो वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रहा है, की प्रवल संस्तुति की















### कोरोना से प्रभावित भारत की आर्थिक स्थिति पर नेशनल वेबिनार

बिलासपुर में मंगलवार को राजकीय डिग्री कॉलेज की ओर से नेशनल वेबिनार आयोजित किया गया। इंपैक्ट ऑफ पांडेमिक कोविड-19 ऑफ इंडियन ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज विषय पर आयोजित वेबिनार में भारत की अर्थव्यवस्था पर कोरोना के प्रभाव पर चर्चा हुई। आयोजक डॉ.अवतार दीक्षित ने बताया कि इसमें शिक्षा निदेशक वंदना शर्मा, प्रो.मौ.मुजिम्मल, प्रो.पीवी सिंह, प्राचार्य प्रो.आरपी यादव आदि ने भाग लिया। संचालन डॉ.निशा वर्मा ने किया।





















भाषाएं हमें तोड़ना नहीं जोड़ना सिखाती हैं

संस्तुति/सिफारिश

1 भाषाओं को पुनर्जीवित करने की ओर सरकार धयान दे।

2 अहिन्दी भाषी लोगो को हिंदी सिखाई जाए।

3 विश्विद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम में अपनी भाषा से इतर किसी दूसरे राज्य की भाषा सीखने की अनिवार्यता पर जोर दिया जाय।

4 प्रदेश में भाषा विश्विद्यालय स्थापित किये जायें।

5 विश्विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर भाषा प्रयोगशाला स्थापित की जाए जिससे छात्रों को अन्य भाषाओं का ज्ञान कराया जा सके।

6 हमे अपनी नई पीढ़ी को प्रारंभ से ही मानव मूल्य, प्राचीन भारतीय संस्कृति और साहित्य की श्रेष्ठता से परिचय कराने की जरूरत है।















Outcomes of the webinar





## विश्व पर्यावरण दिवस

दिनांक 05 जून 2020 को महाविद्यालय के पर्यावरण क्लब द्वारा कोरोना काल में लॉकडाउन अवधि में छात्र/छात्राओं को अपने घरों या




आस–पास पौधें लगाने का आह्वान किया गया। महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें लॉकडाउन अवधि में अपने घर पर पौधे रोपित करते हुये।

## सम्मान समारोह

26 जनवरी 2020 गणतन्त्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव जी द्वारा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिये पुरस्कृत किया गया।



संरक्षक
प्रो० (डॉ०) आर० पी० यादव
प्राचार्य

प्रधान सम्पादक
डॉ० अब्दुल लतीफ़

सम्पादक मण्डल
डॉ० पी० के० गर्ग, डॉ० नीलिमा सिंह, डॉ० हेमन्त कुमार,
डॉ० नीत बिहारी लाल (सह-सम्पादक) प्रो० दिव्यांशु कुमार सिंह